# हिन्दू महासभा के प्रतिनिधियों ने सांसद मनोज तिवारी से की मुलाकात, भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने सहित अनेक राष्ट्रवादी मुद्दों पर हुआ गहन विचार





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजू पार्चा के नेतृत्व में पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी से उनके आवास पर मिला और विभिन्न राष्ट्रवादी मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया। प्रतिनिधि मंडल में हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री केशव चंद्र मल्होत्रा, प्रदेश प्रभारी सुरेन्द्र स्वामी, प्रदेश महामंत्री शिवा गोस्वामी, दिनेश जी सहित अनेक पदाधिकारी शामिल थे। पदाधिकारियों ने मनोज तिवारी को अंगवस्त्र , पुष्पगुच्छ और तलवार देकर सम्मानित करते हुए उन्हें हिन्दू महासभा के शस्त्र एवं शास्त्र वितरण अभियान से अवगत करवाया। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिन्दू महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद मनोज तिवारी को हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी का हिन्दू राष्ट्र निर्माण का संदेश देते हुए उनसे इस मांग को संसद के पटल पर रखने की अपील की। हिन्दू राष्ट्र निर्माण के अलावा हिन्दू महासभा ने मनोज तिवारी से गौरक्षा पर केंद्रीय कानून बनाने, गौमांस की बिक्री और गौमांस खाने को देशद्रोह का अपराध घोषित करने, गौहत्यारे को फांसी की सजा देने का कानून बनाने और दिल्ली में रह रहे बांग्लादेशी तथा रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उनके देश वापस भेजने की मांग की। जारी बयान के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजू पार्चा ने सांसद मनोज तिवारी के समक्ष बुराड़ी विधानसभा की नागरिक समस्याओं को रखते हुए उनसे नागरिक समस्याओं का समाधान और नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की। मनोज तिवारी ने हिन्दू महासभा पदाधिकारियों को नागरिक समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। हिन्दू महासभा प्रदेश मंत्री शिवा गोस्वामी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत और रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाए जाने का श्रेय सांसद मनोज तिवारी और उनके परिश्रम को दिया।

उन्होंने हिन्दू राष्ट्र निर्माण का मुद्दा संसद में उठाने की मांग करते हुए कहा कि हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में हिन्दू राष्ट्र निर्माण के लिए चार साल से राष्ट्रव्यापी आंदोलन जारी है।

# 26 मार्च को आगरा में होंगे सीएम योगी, दरियानाथ मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ करेंगे दर्शन पूजन

## दरियानाथ मंदिर में आयोजित शंखढाल कार्यक्रम में धर्म सभा को संबोधित करेंगे सीएम योगी, सुशासन मेले में भी मुख्यमंत्री करेंगे शिरकत, 635 करोड़ के 128 कार्यों का कर सकते हैं लोकार्पण/ शिलान्यास





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** सीएम योगी आदित्यनाथ का 26 मार्च को ताजनगरी का दौरा प्रस्तावित है। सीएम योगी सबसे पहले योगी सरकार के 8 साल पूरे होने पर जीआईसी मैदान पर 25 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले सुशासन मेले में शिरकत करेंगे। इस दौरान सीएम योगी 635 करोड़ के 128 कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास के साथ ही जनसभा को संबोधित भी कर सकते हैं। सीएम योगी राजामंडी स्थित दरियानाथ मंदिर में आयोजित शंखढाल कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ का 26 मार्च को दौरा प्रस्तावित है। सीएम योगी आगरा में दो कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। प्रदेश सरकार के 8 साल पूरे होने पर जीआईसी मैदान पर 25 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाले सुशासन मेले में सीएम योगी आदित्यनाथ शिरकत करेंगे। जहां पर केंद्र सरकार की 10 और योगी सरकार की 8 साल की उपलब्धियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही सरकार द्वारा जनहित में संचालित विभिन्न योजनाओं/ परियोजनाओं/ कार्यों से जनमानस को अवगत कराया जाएगा। साथ ही प्रदेश में किए गए विकास कार्यों को भी उल्लेखित किया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ यहां पर जनसभा को संबोधित भी करेंगे। इसके लिए जीआईसी मैदान में मंच भी तैयार किया जा रहा है। इस दौरान सीएम योगी 635 करोड़ के 128 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अनुमोदन के लिए सीएम कार्यालय भेजा गया है। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सुशासन मेले की तैयारियों जोरों पर चल रही है। सभी अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां बांट दी गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजा की मंडी स्थित दरिया नाथ मंदिर पर बाबा सिद्धनाथ की स्मृति में आयोजित शंखाढाल कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में सीएम योगी नाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में शामिल होंगे। यहां पर सबसे पहले सीएम योगी 500 साल पुरानी बाबा भैरवनाथ के दर्शन पूजन करेंगे। सीएम योगी यहां पर धर्मसभा को संबोधित भी करेंगे। शंखढाल कार्यक्रम के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इसके लिए परिसर में केसरिया और सफेद रंग से पंडाल तैयार किया जा रहा है। मंदिर की दीवारों को केसरिया रंग में रंगी जा रही हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी भी सक्रिय हो गए हैं। सोमवार को नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल दरियानाथ मंदिर का निरीक्षण किया और अधीनस्थ अधिकारियों को मंदिर परिसर और आसपास सभी व्यवस्थाएं समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

# साइबर ठगी पर करारा प्रहार

## आगरा साइबर क्राइम पुलिस ने 98,000 की ठगी गई राशि वापस कराई




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** साइबर ठगी के मामलों में आगरा साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए साइबर ठगी के मामलों के आरोपियों की धरपकड़ अभियान में नये कीर्तिमान स्थापित किए है। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 98,000/- की ठगी गई राशि को पीड़ित के खाते में सफलतापूर्वक वापस कर दिया।यह घटना उस समय की है जब एक व्यक्ति ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया था। ठगों ने उसे फर्जी लिंक और झूठे प्रलोभन के माध्यम से बड़ी राशि ठग ली थी। पीड़ित ने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और ठगी गई राशि को जल्द से जल्द रिकवर करने के लिए ठगों के ट्रैक पर कार्य किया।पुलिस की त्वरित और पेशेवर कार्रवाई ने न केवल पीड़ित को पूरी धनराशि वापस दिलाई, बल्कि उन्हें यह विश्वास भी दिलाया कि साइबर ठगी के मामलों में प्रशासन पूरी तरह से सख्त और सक्षम है। इस सफलता ने आगरा की साइबर क्राइम पुलिस की तत्परता और कार्यकुशलता को उजागर किया है। अब इस घटनाक्रम के बाद, साइबर ठगी से जुड़े मामलों में लोगों को और अधिक सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।यह कार्यवाही यह संदेश देती है कि साइबर ठगों को कभी भी बख्शा नहीं जाएगा और प्रशासन उनकी पहचान करके उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा।

# दहशत फैला रहे 2 पिटबुल, नगर निगम ने पकड़ेः दोनों को एनिमल शेल्टर में भेजा, एक को सिकंदरा और दूसरे को लोहामंडी से पकड़ा





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** नगर निगम की टीम ने दहशत फैला रहे 2 लावारिस पिटबुल कुत्तों को पकड़ा। इन्हें एनिमल शेल्टर भेज दिया है। इनमें से एक पिटबुल सिकंदरा, सेंट्रल जेल के पास और दूसरा लोहामंडी क्षेत्र में आवारा घूम रहा था। ये पिटबुल आम लोगों और अन्य जानवरों के लिए खतरा बन सकते थे। सूचना मिलने पर नगर निगम की डॉग कैचिंग टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों कुत्तों को रेस्क्यू कर एनिमल शेल्टर भेज दिया। एनिमल वेलफेयर ऑफिसर डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि आक्रामक नस्?लों के कुत्तों को लावारिस छोड़ना न केवल समाज के लिए बल्कि स्वयं कुत्तों के लिए भी खतरनाक है। पालतू जानवरों की जिम्मेदारी उनके मालिकों की होती है। उन्हें उचित देखभाल और प्रशिक्षण देना आवश्यक है।

**पालतू पिटबुल ने आवारा कुत्ते पर किया था हमला**

हाल ही में शहर में एक पालतू पिटबुल ने एक आवारा कुत्ते पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कि पिटबुल कुत्ता आवारा कुत्ते को बुरी तरह से जकड़े हुए है, जबकि उसका मालिक उसे छुड़ाने की कोशिश कर रहा है।

**आक्रामक नस्लों को पालने से बचें**

नगर निगम ने नागरिकों को चेतावनी दी है कि वे आक्रामक स्वभाव वाले कुत्तों को पालने से बचें। यदि वे ऐसा करते हैं, तो उनकी पूरी जिम्मेदारी लें।ऐसे कुत्तों की नसबंदी जरूर करायें ताकि उनके अनियंत्रित प्रजनन को रोका जा सके और अप्रत्याशित घटनाओं से बचा जा सके।

**ये हैं कुत्तों की खतरनाक नस्लें**

पिटबुल, रोटवाइलर, डोबर्मन पिंशर, अमेरिकन बुली,जर्मन शेफर्ड, अलास्कन मलामुट, बुल मास्टिफ, अर्जेंटीनो डोगो , प्रेसा कैनारियो और बॉक्सर

**आक्रामक कुत्तों के लिए ज़रूरी दिशा निर्देश**

पशु कल्याण अधिकारी डां अजय कुमार के अनुसार कुत्ते का नगर निगम में रजिस्ट्रेशन कराएं। कुत्ते को उचित प्रशिक्षण दें ताकि वह समाज के लिए खतरा न बने। समय समय पर कुत्ते का स्वास्थ्य परीक्षण कराएं और एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाएं। कुत्ते को हमेशा पढे में रखें, खासकर सार्वजनिक जगहों पर और लिफ्ट में कुत्ते को ले जाते समय मुंह पर मज़ेल लगाएं ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। यदि कुत्ता आक्रामक है, तो उसे प्रशिक्षित डॉग ट्रेनर से ट्रेनिंग दिलवाएं।

**इसका भी रखें ध्यान**

(1) कुत्ते को सड़कों पर लावारिस न छोड़ें।

(2) उसे उकसाने वाले खेल या हिंसक व्यवहार न यिखाएं।

(3) बिना प्रशिक्षण के कुत्ते को खुला न छोड़ें

(4) गलत देखभाल से कुत्ते को अधिक आक्रामक बनने के लिए मजबूर न करें।

(5) कुत्ते की नसबंदी कराए बिना उसे प्रजनन के लिए न छोड़ें।

(6) किसी व्यक्ति या जानवर पर हमला करने के लिए कुत्ते को प्रशिक्षित न करें।

नगर निगम चला रहा जागरूकता अभियान

नगर निगम पालतू कुत्तों के रजिस्ट्रेशन, आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी रेबीज वैक्सीनेशन पर विशेष अभियान चला रहा है। पशुप्रेमियों और आम नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे जिम्मेदारी से पालतू जानवरों का पालन पोषण करें। यदि किसी कारणवश वे कुत्ते को नहीं पाल सकते, तो उन्हें उचित आश्रय या एनिमल शेल्टर में पहुंचाएं।

# पांच वर्षीय अपहृत बालक को मात्र चार घंटे में किया बरामद, अपहरणकर्ता को भी किया गिरफ्तार





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** अपहरण हुए पांच वर्षीय बालक न्यू आगरा पुलिस ने मात्र 04 घंटे में सकुशल बरामद कर लिया है। 05 वर्ष के बालक के अपहरण की सूचना पर थाना न्यू आगरा पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास के उपरान्त बालक को मात्र 04 घंटे में सकुशल बरामद किया गया। साथ ही अपहरणकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया है। 24 मार्च को दयालबाग क्षेत्र के बसेरा में रहने वाले महेश द्वारा थाना न्यू आगरा पर शिकायत दी गयी कि उनके पांच वर्ष के बच्चे हर्षित का किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर लिया गया है।पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना न्यू आगरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बालक की तलाश शुरू कर दी। उपरोक्त घटना की शिकायत पर 24 मार्च को थाना प्रभारी न्यू आगरा जसवीर सिंह द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर बालक की बरामदगी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम में चौकी प्रभारी अमर विहार, महिला उप निरीक्षक शमा चौधरी, उप निरीक्षक गुलवीर सिंह, उप निरीक्षक शिवम सिंह, प्रशिक्षु उप निरीक्षक राहुल तेवतिया और हिमांशु पाण्डेय को शामिल किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, आस पास के लोगों से व सूचना के अन्य साधनों से अथक प्रयास के उपरान्त व मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर मात्र चार घंटे में बालक हर्षित को सकुशल अपहरणकर्ता से मुक्त कराया गया एवं अपहरणकर्ता व्यक्ति को थाना न्यू आगरा क्षेत्रांतर्गत खासपुर चौराहे से घटना में प्रयुक्त ऑटो के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। थाना न्यू आगरा पुलिस टीम द्वारा बालक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया, अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा थाना न्यू आगर पुलिस टीम धन्यवाद करते हुए आगर पुलिस की मुक्त कंठ से प्रशंसा और सराहना की गयी। पुलिस के अनुसार पकड़े गए। अभियुक्त ने अपनी पहचान पंछी पुत्र बाबूलाल निवासी बहादुरपुर थाना न्यू आगरा जनपद आगरा बताई है।

**मांग रहा था दो लाख रुपये,**

पकड़ा गया आरोपित पंक्षी ने बेटे को छोड़ने के एवज में दो लाख रुपये की मांग रखी। ये सुनकर महेश के होश उड़ गए। महेश तत्काल पुलिस के पास पहुंचा। पूरी घटना की जानकारी दी। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस बच्चे की तलाश में जुट गई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन से ट्रेस कर आरोपी पंक्षी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उससे बच्चे को भी सकुशल मुक्त कराया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का होटल क्लार्कशिराज में किया स्वागत



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** रविवार को होटल क्लार्कशिराज में नेशनल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री पर आयोजित भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए मुख्य अतिथि पद पर होटल क्लार्कशिराज पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक गुरमीत कालरा ( स्वीटी भाई ) ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पुष्पगुच्छ देकर उनका जोशीला स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह गौरव का विषय है कि माननीय लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला हमारे बीच आगरा आए। उन्होंने अध्यक्ष महोदय को हथकरघा और बुनकरों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बुनकरों के लिए प्रशिक्षण और कौशल विकास, वित्तीय सहायता, सामाजिक सुरक्षा और सरकारी समर्थन जैसे मूलभूत मुद्दे उठाए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने उनके कथन का समर्थन करते हुए कहा कि केद्र की भाजपा सरकार बुनकरों की समस्याओं का उचित समाधान एवं उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है, उनके द्वारा निर्मित प्रोजेक्टों का उचित मूल्य निर्धारित किया जाएगा।

ओम बिड़ला ने कहा कि भारतीय बुनकरों और हथकरघा सामान की भारतीय बाजारों में भारी खपत होने के साथ साथ विदेशों में भी इनका निर्यात किया जाता है। इन उधोगों का केंद्र सरकार और राज्य सरकारों का राजस्व बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान है। ओम बिड़ला ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार गांव गरीब किसानों और मजदूरों, बुनकरों, हाथकरघा कारीगरों के हितों को समर्पित स्वतंत्र भारत की अब तक की सबसे लोकप्रिय सरकार है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।

# दबंग से परेशान लोगों ने लगाए मकान बिकाऊ के पोस्टर, बोले- बच्चों को गाली देते हैं, रास्ते पर पशु बांध देते हैं, शिकायत करने पर मारपीट और गाली-गलौज करते है






सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के श्याम नगर में दबंग से परेशान होकर लोगों ने घर के बाहर मकान बेचने के पोस्टर लगा दिए है। उनका कहना है कि दबंग बच्चों को खेलने नहीं देते। नाली रोक रखी है, जिससे पानी की निकासी नहीं हो पाती। शिकायत करने पर गाली गलौज करते हैं। नगर निगम और पुलिस में शिकायत के बाद भी समाधान नहीं हुआ। वार्ड 58 के श्याम नगर कालोनी में रहने वाले तीन परिवारों ने अपने मकान के बाहर दबंगों के चलते मकान बिकाऊ के पोस्टर लगा दिए हैं। निशू शर्मा ने बताया कि कई सालों से कालोनी में रह रहे हैं। उनकी गली में एक दबंग परिवार रहता है। उनसे गली के अधिकांश लोग परेशान हैं। उन्होंने नाली को रोक रखा है, जिससे पानी नहीं निकल पाता। सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है। बच्चे बाहर खेलते हैं तो उनको गाली देते हैं।

**शिकायत करने पर मारपीट भी कर चुके**

नरेश शर्मा का कहना है कि दबंग रास्ते में गाय भैंस बांध देते हैं। इस वजह से आने जाने में दिक्कत होती है। अगर उन लोगों से भैंस हटाने को कहते हैं तो उल्टा सीधा बोलते हैं। शीला देवी का कहना है कि करीब पांच साल से गली के लोग परेशान हैं। शिकायत करने पर लड़ने आ जाते हैं।

कई बार मारपीट भी कर चुके हैं। पुलिस से शिकायत करते हैं तो पुलिस नगर निगम का मामला कहकर टाल देती है। नगर निगम में शिकायत करने पर टीम आई, लेकिन उनको भी काम नहीं करने दिया। ऐसे में रोज रोज की परेशानी के कारण ही मकान बेच रहे हैं। मकान पर पोस्टर लगाने वालों में राजेंद्र प्रसाद, राहुल राघव, निशू शर्मा व नरेश शर्मा हैं।

# आगरा जयपुर हाईवे पर बड़ा हादसाः कोलकाता से घूमने आए परिवार की कार ट्रक से टकराई, दामाद की मौत; पांच लोग घायल





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जनपद के फतेहपुर सीकरी में सोमवार दोपहर जयपुर हाईवे पर कोलकाता से आए सैलानियों की इनोवा कार की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई। जबकि पांच लोग गंभीर घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा। मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फतेहपुर सीकरी में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। आगरा जयपुर हाईवे पर कोलकाता से घूमने आए परिवार की इनोवा कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार अनिरुद्ध प्रधान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तपनजीत हलदार, उनकी पत्नी शुक्ला हलदार, पुत्री सुदर्शना प्रधान, नाती आयुष प्रधान और कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

**कार का दरवाजा काटकर बाहर निकाला**

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का एक पहिया निकलकर अलग हो गया। सभी यात्री कार में फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार के दरवाजे काटकर सभी घायलों को बाहर निकाला। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर कर दिया गया। मृतक अनिरुद्ध प्रधान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। हालांकि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में 27 मार्च को लगेगा ईट-राइट मेला, जिलाधिकारी प्रातः 07 बजे एसबीआई मुख्य शाखा तिराहे से वाकाथान को दिखाएंगे हरी झण्डी

**अलीगढ़।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा केंद्र सरकार के 10 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 27 मार्च को ईट-राइट मेला कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में आयोजित किया जाएगा। मेले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने के साथ ही प्रातः 07 बजे एसबीआई मुख्य शाखा तिराहे से वाकाथान को जिलाधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा। वाकाथान सेंटर प्वाइंट चौराहा, लक्ष्मीबाई मार्ग, जवाहर चौराहा होते हुए कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर पर समाप्त होगा।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 26 मार्च को

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में 26 मार्च को दोपहर 12 बजे से आहुत की जाएगी। उक्त जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 नीरज त्यागी ने देते हुए संबंधित अधिकारियों से अद्यतन सूचनाओं सहित बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

# ईद, नवरात्रि पर सुरक्षा व्यवस्था रखें दुरुस्त : मो.मुश्ताक

## एसपी ने गूगल मीट कर अधीनस्थों को दिये निर्देश



**ललितपुर,ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीट के माध्यम से से जिले के राजपत्रित अधिकारियों, थाना व शाखा प्रभारियों को आगामी ईद व नवरात्रि पर्व पर सुरक्षा और कानून व्यवस्था तैयारियों की समीक्षा कर निर्देश जारी किये। एसपी ने कहा कि सभी सीओ, थाना व चौकी प्रभारी त्यौहारों के पहले धर्मगुरूओं, संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ बैठक कर आयोजन सम्बन्धित जानकारी लेने, परंपरागत कार्यक्रमों के अलावा अन्य आयोजन न करने और प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध उचित निस्तारण कराये जाने के लिए निर्देशित किया। समस्त थाना प्रभारियों को अलविदा जुमा की नमाज, ईद के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्र के ईदगाह/मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटिया लगाने के निर्देश जारी किये। अपने-अपने थाना क्षेत्र के सभी डीजे मालिक/संचालकों, विवाह घर के मालिक, मैनेजर के साथ मीटिंग कर शासन के आदेशों-निर्देशों से अवगत कराते हुए, उनका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने और नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे मालिक/ संचालको के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा, शांति व कानून- व्यवस्था को बनाये रखने हेतु समस्त सीओ व थाना प्रभारियों को सतत रूप से होटल, ढ़ाबा, रेस्टोरेंट आदि सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमणशील रहकर चेकिंग, क्षेत्र में निवास कर रहे किरायेदारों का भौतिक सत्यापन करने, त्यौहारों के दृष्टिगत हॉटस्पॉट स्थानों को चिन्हित कर, उनका भौतिक रूप से सत्यापन किया जाये तथा चिन्हित स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटिया लगाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। त्यौहार के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम, नवरात्र समारोह जुलूस वाले स्थानो का भौतिक रूप से निरीक्षण कर आयोजको से वार्ता करने के लिए निर्देश दिये। प्रतिदिन वाहनों की चैकिंग कर क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, बिना नम्बर प्लेट, हेलमेट/सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले तथा रोड़ पर स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालकों, स्वामियों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु सख्त दिशा-निर्देश दिये गये। थाना प्रभारियों/यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि समस्त ई-रिक्शा स्वामियों/चालको के साथ मीटिंग कर उनका भौतिक सत्यापन करें और जो लोग ई-रिक्शा किराये पर चलवाते हैं उन्हे निर्देशित करना सुनिश्चित करें कि किसी भी नाबालिग को ई-रिक्शा किराये पर न दिया जाये और न ही संचालित करवाया जाये। समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्थित बैंकों की लगातार व सतर्क चैकिंग करें। जनपद में घटित अपराधों की समीक्षा की गयी तथा लम्बित विवेचनाओं, पार्ट पीआई का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित, एनबीडब्ल्यू, कुर्की वारण्ट आदि से सम्बन्धित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी/तामीली करायें। जनपद में गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत सम्पत्ति जब्तीकरण की प्रक्रिया व पंजीकृत अभियोगों में वांछित, वारन्टी, टॉप टेन, अपराधियों के विरूद्ध गिरफ्तारी की कार्यवाही, पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, हिस्ट्रीशीटर की सतत निगरानी, अवैध विस्फोटक पदार्थों, शस्त्रों की बरामदगी, अवैध शराब निर्माण, बिक्री, जुआ, सट्टा आदि के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाये। किसी भी दशा में जनपद में अवैध शराब/मादक पदार्थों की बिक्री न हो। थाना क्षेत्र के अभ्यस्त अपराधियों/ हिस्ट्रीशीटरों का भौतिक सत्यापन कर उनकी सतत निगरानी हेतु निर्देश दिये गये। सक्रिय अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्यवाही हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। चोरी, नकबजनी, झपटमारी आदि प्रकार के अपराधों को रोकने तथा इनके शीघ्र अनावरण हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना/चौकी पर गर्मी के मौसम के दृष्टिगत, पानी के टैंकर रखकर उचित प्रबन्ध करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निकट भविष्य में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2023 के आधारभूत प्रशिक्षण (जे.टी.सी./आर.टी.सी.) के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी /आरआई लाइन्स व हेड क्लर्क को समय से सभी प्रकार की तैयारियों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। आगामी त्यौहार ईद-नवरात्रि के दृष्टिगत सुरक्षा, शांति व कानून-व्यवस्था बनाये रखने, आराजकतत्वों की सतत् रूप से निगरानी और उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# श्रीहनुमान जयन्ती पर आयोजित होंगे नौ दिवसीय कार्यक्रम



**ललितपुर,ब्यूरो।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति की एक आमसभा तुवन मंदिर प्रांगण में दुर्गाप्रसाद पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 12 अप्रैल को हनुमान जयंती महोत्सव कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम भव्य तरीके से मनाने के लिए सर्व सम्मति से सहमति प्रकट की। नौ दिवसीय कार्यक्रम में 11 अप्रैल की रात्रि से श्रृंगार, श्रीसुंदरकांड पाठ, जन्मोत्सव एवं 12 अप्रैल को सुबह हवन व सायं 5 बजे से विशाल शोभा यात्रा जो कि सदर काटा, पानी की टंकी, रावरपुरा, महावीरपुरा, चौबयाना, नदीपुरा, आजादचौक, वीर सावरकर चौक होते हुए तुवन मंदिर पर समापन होगा। 13 व 14 अप्रैल को संगीतमय अखंड रामायण पाठ, 15 व 16 अप्रैल को बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य गायन, 17 अप्रैल को विराट कवि सम्मेलन, 18 अप्रैल को सत्यनारायण कथा व 19 अप्रैल को भव्य भजन संध्या का आयोजन होंगे। समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में अशोक पटैरिया, प्रदीप चौबे, उमाशंकर विदुआ, गोविंद नारायण रावत, रमेश पाठक, बब्बू राजा, विलास पटैरिया, सुबोध गोस्वामी, आत्माराम रिछारिया, वी.के.सरदार, राजन चतुर्वेदी, डा.दीपक चौबे, गिरीश चौबे, बलराम पचौरी, कुलदीप गोस्वामी, रमन अग्रवाल, कुलदीप गोस्वामी, डा.जय चौबे, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, राजेश दुबे, हरविंदर सिंह, श्यमाकांत चौबे, अमित तिवारी, शिवकुमार शर्मा, जगदीश पाठक, मुन्नालाल, अवधेश कौशिक, राजेश लिटोरिया, महेश श्रीवास्तव, आशीष, बालकदास, दीमान सिंह, आनंद सोनी, अंकुर दीक्षित, अनुज, प्रभाकर शर्मा, मथुरा प्रसाद सोनी, राकेश कुमार, कालका प्रसाद, सुबोध गोस्वामी, रमेश कुमार दुबे, राजीव चौबे, काशीनाथ नायक, शैलेंद्र कुमार, धर्मेंद्र चौबे, कमलेश सेन, रुद्र सेन, गिरजा शंकर दुबे, राजेंद्र तिवारी, राजेंद्र कौशल, सज्जन शर्मा, अंतरिक्ष खैरा, प्रतिश तिवारी, सुधीर मिश्रा, ललित शंकर, रविशंकर श्रीवास्तव, महेंद्र सविता, नीरज तिवारी, राजेंद्र ताम्रकार, संतोष शर्मा, बंटी तामिया, राकेश नामदेव, हरिशंकर रजक, महेश प्रसाद, कृष्णकांत उपाध्याय, मोंटी ताम्रकार, शुभम, मनोज कुशवाहा, रोहित साहू, देवेंद्र गुप्ता, आशीष तिवारी, शैलेंद्र आदि उपस्थित थे। संचालन महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना ने व आभार अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी ने व्यक्त किया।

## बयाना नाला के पास अवैध निर्माण कर नाले का स्वरूप बदलने का आरोप



**ललितपुर,ब्यूरो।** शहर से इलाइट चौराहा जाने वाले मार्ग पर स्थित बयाना नाला के पास मोहल्ला घुसयाना निवासी शिवानी राजा पुत्री रामसिंह राजा ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को एक शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायती पत्र में उन्होंने कुछ लोगों पर दबंगई करते हुये बयाना नाले के पास अवैध निर्माण कर नाले का स्वरूप बदलने का आरोप लगाया है। पत्र में शिवानी राजा ने बताया कि उसके मकान का रास्ता बयाना नाला के बगल से होकर जाता है, जहां कुछ दबंग लोगों द्वारा नाले के पास अवैध निर्माण किया जा रहा है और नाले की मिट्टी को काटकर दूसरे स्थान पर पुराव किया जा रहा है, जिससे नाले के स्वरूप में परिवर्तन हो रहा है। शिवानी राजा ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुये बताया कि किसी भी नाले का स्वरूप बदलने पर रोक लगी हुयी है। बावजूद इसके दबंगों द्वारा बाहुबल के आधार पर बयाना नाले के पास अवैध निर्माण किया जा रहा है। बताया कि बारिश के मौसम में यह नाला भारी उफान पर आ जाता है, जिससे यहां के लोगों को यही कच्चा रास्ता है, ऐसी स्थिति में यह रास्ता बंद हो जायेगा और आवागमन में परेशानियां होंगी। इसके लिए शिवानी राजा ने जिला प्रशासन से अवैध निर्माण को रूकवाये जाने और बयाना नाला का स्वरूप पहले जैसा किये जाने की मांग उठायी है।

## अन्नपूर्णा धाम में श्री शतचण्डी महायज्ञ एवं श्रीश्री विद्यासिद्धि महायज्ञ अनुष्ठान 29 को

### आयोजन समिति की कमान क्षेत्रवासियों ने बहादुरसिंह मडावारी को सौंपी



**ललितपुर,ब्यूरो।** निकटवर्ती ग्राम गनगौरा टोरिया के मां अन्नपूर्णा धाम में श्रीशतचण्डी महायज्ञ एवं श्रीश्री विद्यासिद्धि महाअनुष्ठान श्रीमदभागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ अनुष्ठान जगतगुरू स्वामी डा.कृष्णगिरि महाराज की प्रेरणा से होना सुनिश्चित हुआ है, जिसकी बैठक में श्री कृष्णगिरि महाराज ने कहा श्री 1009 अम्बा परा अम्बा जगदम्बा मां भगवती एवं श्रीहनुमान जी महाराज की अनुकम्पा से यज्ञीय अनुष्ठान 28 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 6 मई तक चलेगा। आयोजन की मुख्य कलश यात्रा ग्राम गनगौरा तालाव से 28 अप्रेल को शुरू होकर अन्नपूर्णा धाम पहुचेगी। आयोजन में प्रख्यात शंकराचार्यश्री महाराज, संत महात्माओं के सत्संग का लाभ मिलेगा साथ ही निकटवर्ती धर्मालु समाज को पुण्य का मौका रहेगा। धर्माचार्य योगाचार्य अनिलजी महाराज ने धार्मिक अनुष्ठान को कल्याणकारी बताते हुए इससे संसारिक जीवन की आदि व्याधि से मुक्ति होती है। यज्ञाचार्य पं.रामकिंकर त्रिपाठी ने यज्ञ की कार्ययोजना को विस्तार से बताया जिसको पूरा करने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण जनों ने संकल्प लिया। बैठक में आयोजन समिति के अध्यक्ष वहादुरसिंह मडवारी, बल्लन राजा टोरिया, रामसेवक प्रधान गनगौरा, रानूराजा प्रधान जैरवारा, रामसिंह पूर्व प्रधान गनगौरा, रतनसिंह गुजरातन, दयाराम रावगढ, मंगलसिंह चौहान नैगाव वाले, प्रतापसिंह जैरवारा,खिलानसिंह मडवारी को सर्वसम्मति से चुना गया। इस मौके पर समाजसेवी गंधर्वसिंह लोधी, संतोष नारायण शर्मा, राजेश साहू, पवन जैन, अक्षय अलया, रमेश राठौर, कृष्णकान्त सोनी, कौशल किशोर गोस्वामी, मनविन्दर कौर, रितू समाधिया, वीरेन्द्र जैन, जगदीश गोस्वामी, दयाराम रावगढ, गिरीश गोस्वामी, पुष्पेन्द्र राजा बुन्देला, संजू राजा, देवीशंकर कटारे, पुनीत नगायइच, अशोक राजपूत, अतल सिंह, मुन्नालाल सोनी, रामसिंह यादव, अतल सिंह, देशपतसिंह, लखनसिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

## आउट सोर्सिंग कर्मियों ने मांगा सात माह का वेतन



**ललितपुर,ब्यूरो।** सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनात आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का पिछले सात माह का भुगतान कराये जाने की मांग को लेकर संयुक्त स्वास्थ्य आउट सोर्सिंग व संविदा कर्मचारी संघ ने लामबंद होकर जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया कि सभी कर्मचारी अवनी परिधि के माध्यम से कई वर्षों से सेवायें दे रहे हैं। बताया कि विगत पांच माह से व वर्ष 2025 में दो माह से वेतन नहीं दिया गया है। जिससे वह काफी परेशान हैं। ऐसी स्थिति में उन्होंने जल्द से जल्द मानदेय दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष खुशाल, अवध बिहारी, रमेश, बालचंद्र कुशवाहा, रानी, सुशील कुमार, पंकज, धर्मेंद्र साहू, ज्ञानी, भागीरथ, प्रताप, राजकुमारी, ह्रदेश पटैरिया, अखिलेश, रानी, मजबूत सिंह, नवीन कोरी, रामदेवी आदि मौजूद रहे।

## बिना कारण आउटसोर्स कर्मियों की छटनी पर आक्रोश



**ललितपुर।** बिना किसी कारण आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी सेवाएं समाप्त करने को लेकर आक्रोश दर्ज कराते हुये निविदा-संविदा कर्मचारियों ने एक ज्ञापन अधीक्षण अभियंता विद्युत को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि ऊर्जा विभाग उच्च प्रबंधन द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी के आदेश हुए हैं। जिससे कर्मचारियों के भविष्य और जीवनयापन करने के साधनों को निरस्त करने से कर्मचारियों भय एवं आत्मगिलानी का माहौल व्याप्त हो रहा है। जो कि विभागीय अप्राणाली को दर्शता हैं। बताया कि जिले में 20 विद्युत उपकेन्द्रों पर लगभग 120 फीडर ऊर्जित संचालित हैं। जिसमें जलं जीवन मिशन फीडर भी शामिल हैं। जिसे आडटसोर्स कर्मचारी कडी मेहनत कार्य के साथ-साथ अनुरक्षण कार्य डिस्कनेक्शन राजस्व बसूली, पेड़ कटाई, मीटर स्थापित करना इत्यादि कार्य शामिल है। जिले में 88 गैंग संचालित हैं, जो मानक के अनुरूप कर्मरियों की संख्या कम है। ग्रीष्म, वर्षा ऋतु आते ही फीडरों के ओवर लोड टूट फूट के कारण कर्मरियों को अतिरिक्त कार्य का बोझ पड़ता है। कर्मचारियों की छंटनी होती हैं तो बचे हुए कर्मचारियों पर अधीनस्थों द्वारा अतिरिक्त दबाब बना करके कार्यों को संपादित किया जायेगा। जिससे कर्मरियों की दुर्घटना असमय मृत्यु तनाव अवसाद की संभावना बढ़ जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नपा कर्मियों ने शिकायतकर्ता से की मारपीट

**ललितपुर।** सदर चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला बड़ापुरा में रहने वाले देवेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह एक मामले की जांच के सम्बन्ध में नगर पालिका परिषद कार्यालय में गया हुआ था। आरोप है कि नगर पालिका कार्यालय में मौजूद कुछ कर्मियों ने उससे चाय लाने के लिए बोला। मना करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। यह भी बताया कि जब वह वहां से जान बचाकर भागा तो उक्त लोगों ने घण्टाघर मैदान में मारपीट पर आमादा हो गये, जहां से वह भागकर सदर चौकी पहुंच गया, तब कहीं उसकी जान बच सकी। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच करायी जाकर मामला दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

### बिना रजिस्ट्रेशन के ट्रैक्टर से टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम मसौराकलां निवासी अमित कुमार पुत्र स्व.रविशंकर तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 13 मार्च को अपराह्न 3.15 बजे उसका भाई अंकित तिवारी ललितपुर से घर की ओर आ रहा था। मन्नू पेट्रोल पम्प के पास तेज स्पीड से भाग रहे बिना रजिस्ट्रेशन के ट्रेक्टर जिस पर सदन बिल्डर्स लिखा था के ड्राईवर ने तेजी व लापरवाही से उसके भाई की होण्डा एक्टिवा संख्या यू.पी.94 ए. 1222 में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे अंकित तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गया और एक्टिवा भी क्षतिग्रस्त हो गयी। एम्ब्युलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर झांसी रेफर कर दिया गया। बताया कि उपचार के दौरान 21 मार्च की रात करीब 8 बजे उसके भाई की मृत्यु हो गयी। पीड़ित ने बताया कि जानकारी करने पर पता चला कि उक्त वाहन सदनशाह सिविल लाइन निवासी आदिल कुरैशी पुत्र हारून कुरैशी का है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 324 (2) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नाबालिग के गुमशुदा होने की सूचना दर्ज

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के गोविन्दनगर झोपड़ पट्टी में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भतीजा खत्म होने के पश्चात उसने वह अपनी रिश्तेदारी में गयी थी। घर में उसकी 13 वर्षीय पुत्री व 2 छोटे बच्चे थे। बताया कि 18 मार्च को उसकी बड़ी पुत्री घर से बिना बताये कहीं चली गयी है, जिसके बाद उसने काफी खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिली। उसने पुत्री का हुलिया पुलिस को बताया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उसकी पुत्री के गुमशुदा होने की सूचना बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से पिता की मौत पर पुत्र ने दर्ज करायी एफआईआर

**ललितपुर।** मड़ावरा के ग्राम बम्हौरीकलां में रहने वाले मेघराज सिंह पुत्र प्रानसिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 17 मार्च की शाम करीब 6.30 बजे उसके पिता प्रान सिंह पुत्र उत्तम सिंह अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एम 1564 पर सवार होकर मड़ावरा से बम्हौरीकलां जा रहे थे। वह जैसे ही टीव्हीएस शोरूम के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी और भाग गया, जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी करने पर पता चला कि उक्त कार मड़ावरा निवासी मनोज कुमार सोनी की है। उसके पिता को गंभीर रूप से घायलावस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां से उन्हें रेफर कराकर चित्रकूट और फिर ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेती ठेका पर लेना बना विवाद की वजह, मारपीट

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम सुनौरा निवासी महेश पुत्र भरोसे प्रजापति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने भाई के साथ 23 मार्च की रात करीब 9.30 बजे खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। तभी गांव के वृजेन्द्र पुत्र कैलाश लोधी, रामनरेश पुत्र तोरन लोधी आये और उसके भाई महेश, राकेश व सरमन पुत्रगण किशन प्रजापति को एकराय होकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उत्तेजित होकर मारपीट शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर उसके परिवार के व गांव के अन्य लोग मौके पर दौड़कर पहुंचे और बीच-बचाव किया। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग पहले इसी खेत में काहिम सिंह की ठेका पर खेती करते थे। इस वर्ष उसने यह खेती ठेका पर ले ली, इसी कारण उक्त लोग रंजिश मानते हुये जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एक्टिवा सहित घरेलू सामान पार

**रायपुर,कासं.।** पंडरी स्थित संतोष किराना स्टोर्स दुकान के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा में नकदी 2500 रुपए सहित घरेलू सामान था। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जयसिंह लालवानी 26 वर्ष संतोष किराना स्टोर्स के पास पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केआर 9814 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा के डिक्की में नकदी 2500 रुपए सहित घरेलू सामान रखा हुआ था। चोरी गए जुमला कीमती करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर,कासं.।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में सतनामी पारा टाटीबंध निवासी नरेन्द्र बंजारे 51 वर्ष ने आमानाका थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बुलेट बाइक क्रमांक सीजी 04 एचयू 3116 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में गोवर्धन नगर नेवरा निवासी अतुत मजीत 27 वर्ष ने नेवरा थाना में शिकायत की, कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीबी 4439 को रजिस्ट्री ऑफिस के सामने तिल्दा में खड़ी किया था, तभी तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## चैत्र नवरात्रि को लेकर मंदिरों में तैयारियां जोर-शोर से जारी

### -इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 30 से प्रारंभ

**रायपुर, कासं.।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि का पर्व हिन्दू नव वर्ष गुड़ी पड़वा एवं संत झुलेलाल जयंती के संयुक्त दिवस से प्रारंभ हो रहा है। चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर शहर एवं प्रदेशभर में मंदिरों में रंग -रोगन के साथ ही तैयारियां दीप प्रज्ज्वलन आदि की व्यवस्था की जा रही है। शहर के प्राचीनतम मंदिर महामाया, दंतेश्वरी, कंकाली माता, काली माता सहित सभी माता देवालयों में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा से नवरात्र प्रारंभ होगा। नव दिवसीय नवरात्रि में 9 दिनों तक माता के विभिन्न स्वरूपों की पूजा का विशेष महत्व है, जिसे नव दुर्गा कहा जाता है। प्रथम दिन शैलपुत्री की पूजा के साथ ही घट स्थापना पहले मुहूर्त सुबह 6.13 मिनट से 10.22 तक रहेगा। इसके बाद अभिजीत मुहूर्त सुबह 11.59 से दोपहर 12.49 तक है।

## रजत जयंती समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हुई शामिल

**रायपुर, कासं.।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिरकत की। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और विधानसभा के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विधानसभा की 25 वर्षों की यात्रा और इसके योगदान को समर्पित था। राष्ट्रपति मुर्मू ने समारोह में अपने संबोधन में विधानसभा के ऐतिहासिक सफर और लोकतंत्र में इसके महत्व को रेखांकित किया।

## ट्रक की ठोकर से बाइक सवार दो युवक की मौत

**रायपुर,कासं.।** ग्राम आरंग व कुटेला के बीच एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक छोटकु खुटे 26 वर्ष ग्राम कुरूद का रहने वाला था। बताया जाता है कि छोटकु गांव के ही एक अन्य व्यक्ति कामता सोनवानी 45 वर्ष के साथ बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम आरंग व कुटेला के बीच ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेई 0169 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया।

### 17 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, कासं.।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जुआ खेलते 17 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1 लाख 74500 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने रिंग रोड 2 गोंदवारा में जुआ खेलते आरोपी छोटू खान 38 वर्ष, मोहम्मद अहसान 30 वर्ष सहित अन्य 5 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 7500 रुपए जब्त किया है।

